खराब सड़क के मुद्दे को लेकर नेशनल हाईवे पर धरने पर बैठे हरीश रावत।

हमारा दून

संक्षिप्त समाचार

सड़कों की बदहाली से नाराज हरीश रावत, नेशनल हाईवे पर दिया धरना

संवाददाता देहरादून। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस वरिष्ठ नेता हरीश रावत गुरुवार को खराब सड़क के मुद्दे को लेकर नेशनल हाईवे पर धरने पर बैठ गए। हल्द्वानी हाईवे से गुजरते हुए सड़क पर मौजूद गड्ढों से परेशान होकर रावत अपनी कार से उतर गए और बीच सड़क पर बैठकर धरना देने लगे। हरीश रावत लालकुआं की ओर से आ रहे थे, जैसे ही वह बरेली रोड पहुंचे तो अपनी कार से उतरकर बीच सड़क पर जा बैठे। रावत ने नेशनल हाईवे ऑथोरिटी से गुहार लगाई है कि वह इस रास्ते को जल्द से जल्द सुधारें ताकि यहां से आने जाने वाले लोगों को गड्ढा मुक्त रास्ता नसीब हो सके।

पूर्ण सतगुरु की शरणागति होकर ईश्वर का साक्षात्कार करें: साध्वी आस्था भारती

संवाददाता देहरादून। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा वाराणसी, उत्तर प्रदेश में 'श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कथा संस्थान द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक प्रकल्प बोध को समर्पित है। गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या भागवताचार्या महामनस्विनी विदुषी सुश्री आस्था भारती जी ने कथा के द्वितीय दिवस नन्हे भक्त ध्रुव की संकल्प यात्रा को बड़े ही मार्मिक ढंग से सुनाया।

एलजी ने गेम शिफ्टिंग तकनीक पेश की

संवाददाता देहरादून। भारत के अग्रणी कंज्यूमर ड्यूरेबल ब्रांड, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज अपने बहुप्रतीक्षित 2022 ओएलईडी टीवी लाइनअप के उपलब्धता की घोषणा की सीईएस 2022 में इस ओएलईडी टीवी लाइनअप के अंदर उत्कृष्ट पिक्चर क्वालिटी, बेहतर प्रदर्शन और आकर्षक डिजाइन की व्यापक रूप से प्रशंसा की गई यह नए उत्पाद बेहद शानदार इमर्सिव दृश्यों के साथ अविश्वसनीय सीमलेस एक्सपीरियंस प्रदान करते हैं 2022 ओएलईडी लाइनअप के अंदर सबसे विस्तृत सीरीज पेश की गई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।

प्रदेश का विकास हमारी पहली प्राथमिकता: सीएम

रोड शो

■ सीएम धामी ने प्रचार में झोंकी पूरी ताकत, टनकपुर में किया रोड शो

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को टनकपुर में रोड शो किया। इसके बाद उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। सीएम धामी ने जनता से समर्थन मांगते हुए प्रदेश के विकास को अपनी प्राथमिकता बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि वह चंपावत के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

गुरुवार को टनकपुर में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शारदा चुंगी, प्रजापति धर्मशाला और मनिहारगोठ में रोड शो करने के बाद चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने टनकपुर बनबसा क्षेत्र को एक मॉडल के रूप में विकसित करने की बात कही।

इस मौके पर पूर्व विधायक केलाश गहतोडी, भाजपा के जिलाध्यक्ष दीप चंद्र पाठक, पालिका अध्यक्ष विपिन कुमार, पूर्व चेयरमैन हर्षवर्धन सिंह रावत, नारायण सिंह, सुभाष बगोली, पूरन महर, हरीश हैसियत, अमजद हुसैन, दीनदयाल अग्रवाल, विक्रम सिंह आदि मौजूद थे। चंपावत विधानसभा सीट का उपचुनाव 31 मई को होना है।

सीएम धामी आज टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कारपोरेशन की जर्नी ऑफ टिहरी डैम कार्यक्रम में भी आज भाग लेंगे। इससे पूर्व बुधवार को सीएम धामी अपने पैतृक गांव हड़खोला पहुंचे थे। यहां पर उन्होंने अपने ईष्ट देवता हरिचंद के मंदिर में पूजा, अर्चना की।

महिला मित्र से विवाद को अपहरण बता दौड़ाया पुलिस को

संवाददाता देहरादून। महिला मित्र से कार के अन्दर मारपीट करने के मामले को अपहरण का बता पुलिस को पूरी रात दौडा दिया। पुलिस ने कार बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लापरवाही से वाहन चलाने समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। उल्लेखनीय है कि गत रात्रि एक बेलोरो कार से युवती के अपहरण की सूचना मिलने से पुलिस विभाग में हडकम्प मच गया था। पुलिस ने पूरे शहर में चैकिंग अभियान चलाया इस दौरान वाहन को रोकने का भी प्रयास किया लेकिन वाहन चालक पुलिस वालों पर वाहन चढ़ाने का प्रयास करते हुए वाहन तेजी से भगा ले गया। देर रात पुलिस ने वाहन के नम्बर से वाहन स्वामी का पता लगा लिया।

दस दरोगाओं के तबादले

संवाददाता

देहरादून। डीआईजी/एसएसपी देहरादून ने दस दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में फेरबदल कर उनको तत्काल प्रभाव से अपना कार्यभार सम्भालने के आदेश दिये हैं। एसएसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार डीआईजी/एसएसपी जन्मेजय खंडूडी ने गुरूवार को दस दरोगाओं का तबादला करते हुए जयवीर सिंह को चौकी प्रभारी डाकपत्थर से चौकी प्रभारी सभावाला के पद पर भेजा। इसके साथ ही अर्जुन गुसांई को चौकी प्रभारी मयूर विहार से चौकी प्रभारी डाकपत्थर, परवेश रावत को चौकी प्रभारी सभावाला से चौकी प्रभारी नालापानी, कमलेश कुमार गौड़ को चौकी प्रभारी नालापानी से चौकी प्रभारी बालावाला, विकेन्द्र कुमार को चौकी प्रभारी धर्मावाला से चौकी प्रभारी लालतप्पड, कविन्द्र को चौकी प्रभारी लालतप्पड से कोतवाली पटेलनगर, रजनीश सैनी को चौकी प्रभारी कुल्हाल से चौकी प्रभारी धर्मावाला, अमित को चौकी प्रभारी जोगीवाला से चौकी प्रभारी मयूर विहार व दीपक द्विवेदी को कोतवाली विकासनगर से चौकी प्रभारी जोगीवाला बनाया गया। सभी चौकी प्रभारियों को तत्काल प्रभाव से अपना कार्यभार सम्भालने के आदेश दिये गये।

शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

संवाददाता देहरादून। शादी का झांसा देकर युवती के साथ बलात्कार करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चकराता रोड़ निवासी युवती ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी मुलाकात 4 महीने अंकुर तोमर निवासी देहरादून से हुई थी जिसने अपने आप को गैर शादीशुदा बताया और उससे वादा किया कि वह जल्द ही समाज के समक्ष उससे शादी करेगा। उसे झांसे में लेकर अंकुर तोमर ने जबरन उससे शारीरिक सम्बन्ध बनाये।